आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 05 अगस्त 2024, समय 1305 (5 मिनट)

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कल चंडीगढ़ में तीन नये आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन की समीक्षा की। इस दौरान, उन्होंने ई-साक्ष्य, न्याय सेतु, न्याय श्रुति और ई-सम्मन ऐप भी जारी कीं जो राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र ने चंडीगढ़ पुलिस और राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के साथ मिल कर विकसित की हैं।इस अवसर पर, लोगों को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि नए आपराधिक क़ानून इस अवधारणा को मजबूत करेंगे कि संविधान भारत की आत्मा है। उन्होंने कहा कि 1860 में एक विदेशी संसद द्वारा बनाए गए पहले वाले क़ानून, अब 2024 में देश के लिए प्रासंगिक नहीं हैं।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल अपने निवास संत कबीर कुटीर पर तीज महोत्सव का आयोजन किया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तीज त्यौहार हमारी सांस्कृतिक विरासत है। इसे सहेज कर रखना हमारी जिम्मेदारी है। हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय, पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ प्रशासक गुलाबचंद कटारिया व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अनिता कटारिया, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी ने इस अवसर पर लगाई गई हरियाणवी प्रदर्शनी का अवलोकन किया । सूचना, जन संपर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा तीज उत्सव पर बनाई गई लघु फिल्म भी दिखाई गई ।इस अवसर पर बहुत ही सुन्दर और शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। महोत्सव में महिलाओं ने झूलों के साथ-साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का भी भरपूर आनंद उठाया।

आम आदमी पार्टी ने आज करनाल के गांव बल्ला की अनाज मंडी में जनसभा का आयोजन किया ।पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जनसभा को संबोधित करते हुए हरियाणा सरकार की यह कह कर आलोचना की कि सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। उन्होंने अपनी पार्की पांच गारंटी गिनाई और निशुल्क शिक्षा, चिकित्सा, हर बहन को एक हजार रुपये, बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा, बिजली पानी मुफ्त

देने के साथ ही युवाओं को रोजगार देने का वादा किया ।उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी देश के युवाओं को रोजगार की भी गारंटी दे रही है। आज देश का जो युवा विदेश जा रहा है, यह सब सरकार की गलत नीतियों का परिणाम है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि 12 अगस्त तक आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में 45 रैलियां करने का लक्ष्य तय किया है।

हथीन से विधायक प्रवीन डागर ने कल हलके के गांव स्यारोली, महेशपुर, बढ़ा, राखौता, गेलपुर, जोधपुर, ज[illegible]पुर, विनोदागढी, बजादा पहाड़ी, आलीमेव व उटावड़ में साढ़े चार करोड़ रुपए विकास कार्यों का शुभारंभ व उद्घाटन किया। विधायक प्रवीण डागर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन और केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल के नेतृत्व में सभी विधानसभा में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

पेरिस ओलिंपिक बैडमिंटन सिंगल्स में आज कांस्य पदक के लिए लक्ष्य सेन का मुकाबला मलेशिया के जी.जिया.ली. से होगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम 6 बजे से खेला जाएगा।कल सेमीफाइनल में लक्ष्य सेन को डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसेन से हार का सामना करना पडा। वे ओलिंपिक सेमीफाइनल में पहुंचने वाले बैडमिंटन के पहले भारतीय पुरूष खिलाडी हैं। अब तक केवल दो महिला खिलाडी साइना नेहवाल और पी.वी सिंधु ने भारत के लिए ओलिंपिक पदक जीते हैं।